## न्यायालय सिविल जज जू0डि0, खलीलाबाद स्थान– बस्ती
## मूलवाद सं0 47/1984
## छांगुर बनाम त्रिशंकु बहादुर

**24.04.2019**

पत्रावली पेश हुई। पुकार पर उभयपक्ष मय विद्वान अधिवक्ता उपस्थित। पत्रावली आज प्रार्थनापत्र 251क2 के निस्तारण हेतु नियत है।

प्रार्थनापत्र 251क2 वादी द्वारा इस आशय का दिया गया है कि प्रस्तुत वाद में वादी सं0 1 की मृत्यु के सम्बन्ध में प्रार्थनापत्र वरासत 248क2 दिया गया था, जिसमें बुधना देवी का पता टाइप करने से छूट गया है, जिसे प्रार्थनापत्र 248क2 में दर्ज किया जाना आवश्यक एवं न्यायसंगत है।

प्रतिवादी द्वारा प्रार्थनापत्र पर मौखिक आपत्ति की गयी है।

सुना तथा पत्रावली का अवलोकन किया।

पत्रावली का अवलोकन करने से विदित होता है कि प्रार्थना पत्र 251क2 वादी द्वारा, वरासत प्रार्थनापत्र 248क2 में संशोधन करने के आशय से दिया गया है। प्रार्थना पत्र शपथपत्र से समर्थित है। चाहा गया संशोधन औपचारिक प्रकृति का है। संशोधन प्रार्थनापत्र के स्वीकार किए जाने से वाद की प्रकृति में कोई परिवर्तन नहीं होगा, बल्कि वाद के निस्तारण में सहूलियत होगी। अतः न्यायालय की राय में प्रार्थनापत्र 251क2 न्यायहित में हर्जे पर स्वीकार किए जाने योग्य है।

### आदेश

प्रार्थनापत्र 251क2 मु0 50/– रूपए हर्जे पर स्वीकार किया जाता है। वादी आवश्यक संशोधन अंदर सप्ताह करे। पत्रावली वास्ते निस्तारण प्रार्थनापत्र 248क2 दिनांक 08.05.2019 को पेश हो।

सिविल जज जू0डि0,
खलीलाबाद स्थान–बस्ती